Regarding need to upgrade irrigation canal system and divert water from Indus Basin to Rajasthan-Laid

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : मैं भारत से पाकिस्तान की ओर जा रहे अतिरिक्त जल, विशेषकर इण्डस सिस्टम की पूर्वी नदियों से बहने वाले अप्रयुक्त प्रवाह, की गंभीर समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । सार्वजनिक विश्लेषणों के अनुसार भारत के हिस्से के जल में से लगभग 4.549 मि लि यन acre-feet जल प्रतिवर्ष बिना उपयोग के पाकिस्तान चला जाता है, जिसे भारत कृषि सिंचाई में उपयोग कर सकता है । राजस्थान जै से जल-अभाव वाले राज्य में यदि यह जल स्थानीय भंडारण एवं नहर प्रणाली के माध्यम से रोका जाए, तो यह सरसों जैसे तिलहन में लगभग 37 लाख हेक्टेयर तथा सोयाबीन/अन्य दलहन में लगभग 17 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता के बराबर जल उपलब्ध करा सकता है । इससे देश की बड़े पैमाने पर होने वाली तेल व दाल आयात निर्भरता कम हो सकती है, साथ ही किसान आय में वृद्धि होगी । अतः अनुरोध है कि सरकार IGNP क्षेत्र में भंडारण क्षमता बढ़ाए एवं कैनाल अपग्रेड हेतु विशेष पैकेज दे, पाकिस्तान को जाने वाले अप्रयुक्त जल को रोकने हेतु कानूनी/तकनीकी विकल्पों पर तुरंत निर्णय ले, राजस्थान में pulses व oilseeds मिशन को अतिरिक्त जल-उपलब्धता के साथ जोड़कर विशेष प्रोत्साहन घोषित करे । यह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, जल सुरक्षा तथा कि सा न हि ततीनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा है ।